कार्यालयः— जनपद न्यायाधीश, जालौन स्थान उरई।

पत्रांकः— 580/प्रथम/उरई दिनांकः दिसम्बर 7 2024.

विज्ञप्ति

जनपद न्यायालय जालौन स्थान उरई में, माननीय उच्च न्यायालय इलाहाबाद के पत्र संख्या 16495/2024/एस०जे०एम०/एडमिन'जी—प्रथम'/इलाहाबाद दिनांकित 05.12.2024 के अनुपालन में विशेष न्यायिक मजिस्ट्रेट के रिक्त 01 पद पर नियुक्ति हेतु इच्छुक 'केवल ऐसे सुयोग्य व्यक्तियों से जो दं०प्र०सं० की धारा—13 में उल्लिखित परिभाषा के अनुसार अर्हता/योग्यता रखते हों ,जिसके पास सरकार के अधीन कोई पद था और वह विधि स्नातक है अन्यथा कानूनी मामलों के सम्बन्ध में अच्छी तरह से अनुभव है, से आवेदन पत्र आमंत्रित किये जाते हैं। आवेदन पत्र निर्धारित प्रारूप पर जनपद न्यायाधीश जालौन स्थान उरई के प्रशासनिक कार्यालय में दिनांक 08.02.2025 सायं 04.00 बजे तक प्रस्तुत किये जा सकते हैं। इसके उपरान्त कोई भी आवेदन पत्र प्राप्त नहीं किया जायेगा।

विस्तृत विवरण माननीय उच्च न्यायालय इलाहाबाद की वेबसाईट www.allahabadhighcourt.in व जनपद न्यायालय जालौन स्थान उरई की वेबसाईट https://districts.ecourts.gov.in/jalaun पर भी देखी जा सकती है।

(अचल सचदेव)
जनपद न्यायाधीश
जालौन स्थान उरई।

प्रतिलिपिः— 1. जिला सूचना अधिकारी, जालौन स्थान उरई को राष्ट्रीय एवं क्षेत्रीय समाचार पत्रों में "न्यूज आईटम" के रूप में जनहित में निःशुल्क प्रकाशन हेतु प्रेषित की जाये। प्रकाशन के उपरान्त एक—एक प्रति अद्योहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय को प्राप्त कराना सुनिश्चित किया जाये।

2. जनपद न्यायालय जालौन स्थान उरई एवं जिलाधिकारी, जालौन स्थान उरई के कार्यालय के नोटिस बोर्ड पर सूचनार्थ चस्पा किये जाने हेतु क्रमशः केन्द्रीय नाजिर जिला न्यायालय, उरई एवं सदर नाजिर कलेक्ट्रेट, उरई को अनुपालन हेतु प्रेषित की जावे।

3. नोडल आधिकारी, कम्प्यूटर अनुभाग को इस निर्देश के साथ प्रेषित कि उक्त विज्ञप्ति माननीय उच्च न्यायालय की वेबसाईट www.allahabadhighcourt.in व जनपद न्यायालय जालौन स्थान उरई की वेबसाईट https://districts.ecourts.gov.in/jalaun पर अपलोड करायें।

जनपद न्यायाधीश
जालौन स्थान उरई।
07.12.24
जनपद न्यायाधीश
जालौन स्थान उरई